राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

भारत की 'विविधता में एकता' की छवि से ही इसकी खूबसूरती झलकती है–राज्यपाल

पटना, 17 जनवरी 2020

''भारतवर्ष एक ऐसा देश है जहाँ विभिन्न धर्मों, जातियों, सम्प्रदायों और संस्कृतियों से जुड़े लोग निवास करते हैं। भारत की 'विविधता में एकता' की छवि से ही इसकी खूबसूरती झलकती है। भारत के उपवन में विभिन्न तरह के पुष्प खिले हैं जो अपने सौन्दर्य और सुवास से सम्पूर्ण भारतवर्ष को महमह करते हैं। इन सभी प्रकार के फूलों की रंगीनी और सुगंधि से जो एक सुवास बनता है उसी का नाम 'भारतीयता' है। ''–उक्त उद्गार, महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने स्थानीय महावीर मंदिर परिसर में आयोजित 'जिओ टी॰वी॰' के महावीर मंदिर लाईव–चैनल के उद्घाटन तथा 'श्रवण कुमार पुरस्कार वितरण–समारोह' को आज संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति की महान परम्परा के अनुरूप अपने धर्म का अनुसरण करते हुए दूसरे धर्मों के प्रति भी आदर और सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे जगत् को 'सीयराममय' देखने का मतलब ही है –सबको एकसमान देखना और समझना। सामाजिक समरसता की यही भावना हमारी धार्मिक निष्ठा के भी केन्द्र में होनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि धार्मिक आस्था के किसी केन्द्र से परोपकार एवं सामाजिक सुधार की जो अपेक्षा होती है, उस दिशा में भी पटना का महावीर मन्दिर तत्परतापूर्वक प्रयासरत है। यह बिहार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर **''जात–पात पूछे ना कोई, हरि को भजै से हरि के होई''** –के सिद्धांत पर चल रहा है, यह अत्यन्त प्रसन्नता की बात है। राज्यपाल ने कहा कि महावीर मन्दिर ने समाज को एकसूत्र में जोड़ने के लिए 'रामावत संगत' की भी स्थापना की है, जिसमें एक साथ भोजन और एक साथ भजन की बात सबसे प्रमुख है।

राज्यपाल ने कहा कि महावीर मंदिर ट्रस्ट अपनी आय का अधिक–से–अधिक उपयोग कल्याण के कार्यों पर कर रहा है। उन्होंने कहा कि महावीर कैंसर हॉस्पीटल, महावीर वात्सल्य संस्थान एवं महावीर नेत्र चिकित्सालय –कैंसर रोगियों, बच्चों और नेत्र–रोगियों का काफी कम शुल्क पर इलाज कर रहे हैं, यह अत्यन्त संतोष की बात है। राज्यपाल ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल जी की विद्वता तथा प्रशासनिक अनुभव का लाभ हनुमान मंदिर–प्रबंधन को मिल रहा है, यह खुशी की बात है।

समारोह में राज्यपाल ने 'श्रवण कुमार पुरस्कारों' का वितरण किया तथा महावीर मंदिर के ऑनलाईन दर्शन हेतु 'जिओ टी॰वी॰ लाइव–चैनल' का भी उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में आचार्य किशोर कुणाल ने महावीर मंदिर न्यास के लोक कल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया। समारोह में न्यायमूर्ति श्री राजेन्द्र प्रसाद (अ॰प्रा॰), पूर्व गृह सचिव श्री जियालाल आर्य, 'जीओ' टी॰वी॰ प्रबंधन के अधिकारी श्री सुब्रह्मण्यम अय्यर, श्री अखिलेश कुमार जैन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद–ज्ञापन प्रो॰ बलवीर सिंह ने किया।

कार्यक्रम में श्री हिमांशु कुमार, श्री शिवनारायण गुप्ता, आनंदिनी कुमारी, श्री बलाई मित्रा, श्री मनोज कुमार झा, श्री रंजन कुमार पाण्डेय एवं श्री अलोक प्रणव वर्मा को 'श्रवण कुमार पुरस्कार' महावीर मंदिर प्रबंधन की तरफ से राज्यपाल द्वारा प्रदान किए गये। राज्यपाल ने महावीर मंदिर में पूजा–अर्चना भी की तथा बिहारवासियों के कल्याण की मंगलकामना की।

....